प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

डा. संतोष कुमार यादव को मिला यंग साईंटिस्ट अवार्ड

पंतनगर। ६ जनवरी २०१७। पंतनगर विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय के सस्य विज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक, डा. संतोष कुमार यादव, को ३०-३१ दिसम्बर २०१६ को जोधपुर, राजस्थान में आयोजित चतुर्थ अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी ‘रिसेन्ट अडवानसेस इन एग्रीकल्चर एण्ड हॉर्टिकल्चर साइंसिस’ में उत्कृष्ट शोध पत्र का पुरस्कार तथा उत्कृष्ट कृषि शोध कार्यों के लिए युवा वैज्ञानिक पुरस्कार प्राप्त हुआ। डा. यादव के शोध पत्र का विषय ‘उर्वरकों का मृदा पर दीर्घकालिक प्रभाव एवं गेहूँ की उपज पर धान के विभिन्न बुवाई तकनीकों का प्रभाव एवं नत्रजन की उपलब्धता’ था। यह संगोष्ठी इन्टरनेशनल जनरल ऑफ ट्रोपीकल एग्रीकल्चर द्वारा आयोजित की गयी थी जिसमें भारत सहित विश्व के १५ से अधिक देशों के १०० से अधिक वैज्ञानिकों ने प्रतिभाग किया।

ये पुरस्कार ईफको के मार्केटिंग हेड, डा. एल.एम. पन्त एवं डा. आर.जी. उपाध्याय, संयुक्त निदेशक प्रसार, वीसीएसजी पर्वतीय कृषि विश्वविद्यालय, भरसार, उत्तराखण्ड, द्वारा प्रदान किया गया। उनकी इस उपलब्धि पर कुलपति, डा. जे. कुमार; निदेशक शोध, डा. जे. पी. सिंह; अधिष्ठाता कृषि एवं विभागाध्यक्ष, सस्य विज्ञान विभाग, डा. डी.एस. पाण्डे, ने उनको बधाई दी।

चित्र सं.१: डा. एल.एम. पन्त एवं डा. आर.जी. उपाध्याय से पुरस्कार प्राप्त करते डा. संतोष कुमार यादव।